# सिकंदराबाद दर्पण

## त्रैमासिक सूचना पत्र (अप्रैल-जून 2024)




**संरक्षक**
श्री भरतेश कुमार जैन
मंडल रेल प्रबंधक

**मार्गदर्शक**
श्री राजीव कुमार गंगेले
अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी
एवं
अपर मंडल रेल प्रबंधक(प्रचा)

**संपादक**
श्री हेमंत वाडेकर
राजभाषा अधिकारी

**सहयोग**
श्री प्रणय कुमार सिंह, कनि.अनुवादक
श्री दीपक कुमार, कनि. आशुलिपिक

राजभाषा अनुभाग, सिकंदराबाद मंडल, दक्षिण मध्य रेलवे

संरक्षक

श्री भरतेश कुमार जैन
मंडल रेल प्रबंधक

मार्गदर्शक

श्री राजीव कुमार गंगेले
अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी
एवं
अपर मंडल रेल प्रबंधक(प्रचा)

संपादक

श्री हेमंत वाडेकर

राजभाषा अधिकारी

सहयोग

श्री प्रणय कुमार सिंह,
कनि.अनुवादक
श्री दीपक कुमार,
कनि. आशुलिपिक

संपर्क

राजभाषा विभाग
मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय,
संचालन भवन,
सिकंदराबाद (द.म.रेलवे), 500003
दूरभाष: 88112
ई.मेल: srascrsc@gail.com


# सिकंदराबाद दर्पण

त्रैमासिक सूचना पत्र (अप्रैल 2024 – जून 2024)



## शुभकामना संदेश

यह मेरे लिए अत्यंत हर्ष का विषय है कि सिकंदराबाद मंडल का राजभाषा विभाग हिंदी में एक समाचार पत्रिका प्रकाशित कर रहा है.

यह पत्रिका राजभाषा के अलावा मंडल पर विभिन्न विभागों की सारगर्भित गतिविधियों की सूचनाओं का माध्यम है.

आशा है कि हमारी इस नई पहल को आप सभी प्रबुद्ध जनों द्वारा स्वीकार्यता प्राप्त होगी, जिससे भविष्य के हमारे प्रयासों को मनोबल मिलेगा.
मैं इस पत्रिका की सफल प्रकाशन की कामना करता हूं.

(भरतेश कुमार जैन)
मंडल रेल प्रबंधक



## शुभकामना संदेश

अपर मंडल राजभाषा अधिकारी सिकंदराबाद के साथ-साथ अपर मंडल रेल प्रबंधक(प्रचा) के रूप में कार्य करते हुए मंडल की इस अनूठी पहल "सिकंदराबाद दर्पण" समाचार पत्रिका, आप सभी को समर्पित करते हुए मुझे अत्यंत आनंद का अनुभव हो रहा है

'ग' क्षेत्र में होते हुए भी राजभाषा में सिकंदराबाद मंडल का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है, आशा है कि पाठकों को यह पसंद आएगा.

इस नवीनतम प्रयासों के लिए मैं राजभाषा विभाग को बधाई देता हूं.

(राजीव कुमार गंगेले)
अपर मख्य राजभाषा अधिकारी
एवं
अपर मंडल रेल प्रबंधक(प्रचा)

## महाप्रबंधक / दक्षिण मध्य रेलवे का चर्लापल्ली रेलवे स्टेशन में निरीक्षण



दिनांक 23.05.2024 को श्री अरुण कुमार जैन, महाप्रबंधक, दक्षिण मध्य रेलवे, ने मंडल रेल प्रबंधक/सिकंदराबाद और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्लापल्ली सैटेलाइट टर्मिनल स्टेशन का निरीक्षण किया और चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की. इसके अलावा, चर्लापल्ली-सनतनगर सेक्शन के बीच रियर विंडो निरीक्षण किया.

## ईडी(पीजी), ईडीसीई (बी एंड एस)-II, पीईडी/ब्रिज का निरीक्षण



दिनांक 15.04.2024 को ईडी (पीजी), ईडीसीई (बी एंड एस)-II, पीईडी/ब्रिज ने सिकंदराबाद मंडल कार्यालय का दौरा किया तथा मंडल रेल प्रबंधक/सिकंदराबाद ने सदस्यों को मंडल की उपलब्धियों, चल रही परियोजनाओं और यात्री सुविधा कार्यों के बारे में जानकारी दी.

## महाप्रबंधक / द.म.रे, द्वारा सिकंदराबाद स्टेशन का निरीक्षण



दिनांक 22.06.2024 को श्री अरुण कुमार जैन, महाप्रबंधक, द.म.रे ने सिकंदराबाद स्टेशन का निरीक्षण किया तथा दो यात्री गाड़ियां 12703 SC-HWH फलकनुमा एक्सप्रेस एवं 17016 SC-BBS विशाखा एक्सप्रेस का निरीक्षण किया.

## रामगुंडम माल डिपो को 'आईएमएस प्रमाणन



दक्षिण मध्य रेलवे के सिकंदराबाद मंडल के प्रमुख माल डिपो में से एक, रामगुंडम रूटीन ओवर हॉलिंग (आरओएच) डिपो को भारतीय रजिस्टर गुणवत्ता प्रणाली, ए डिविजन ऑफ आईआरसीएलएएसएस सिस्टम्स एंड सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड से प्रतिष्ठित 'इंटीग्रेटेड मेनेजमेंट सिस्टम' (आईएमएस) का प्रमाणन प्राप्त हुआ है. यह रामगुंडम डिपो दक्षिण मध्य रेलवे का एकमात्र माल डिपो है जिसे आईएमएस प्रमाणन से सम्मानित किया गया.

## सिकंदराबाद-काजीपेट सेक्शन के बीच फुट प्लेट निरीक्षण:



दि. 27.06.24 को महाप्रबंधक/सिकंदराबाद ने मंडल रेल प्रबंधक/सिकंदराबाद के साथ गाड़ी सं. 12791 दानापुर एक्सप्रेस के इंजन में सिकंदराबाद से काजीपेट सेक्शन तक यात्रा करके फुट प्लेट निरीक्षण किया तथा काजीपेट बाईपास लाइन का निरीक्षण किया.



श्री अरुण कुमार जैन, महाप्रबंधक, द.म.रेलवे तथा श्री भरतेश कुमार जैन, मंडल रेल प्रबंधक/सिकंदराबाद एवं अन्य अधिकारियों के साथ बैठक तथा काजीपेट बाईपास लाइन कार्यों और काजीपेट और वरंगल पुनर्विकास कार्यों का निरीक्षण करते हुए.

## विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन





दि. 05-06-2024 को सिकंदराबाद मंडल में "विश्व पर्यावरण दिवस" मनाया गया. मंडल रेल प्रबंधक/सिकंदराबाद, अन्य वरिष्ठ मंडल अधिकारियों, समाज सेवी संगठन तथा स्काउट एवं गाइड ने विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया. मंडल रेल प्रबंधक/सिकंदराबाद ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को एकता की शपथ दिलाई तथा भूमि पुनर्स्थापन मरुस्थलीकरण रोकने तथा सूखे से निपटने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए विधिवत् 'हस्ताक्षर अभियान' में भाग लिया.

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



दि.21.06.2024 को अध्यक्ष, दक्षिण मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन, सिकंदराबाद में "अंतराष्ट्रीय योग दिवस" मनाया गया. सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए "योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन शैली" पर योग सत्र आयोजित किया गया.

## हवा महल, संचालन भवन में राजभाषा कार्यान्वयन लिपिक एवं पुस्तकपालों की बैठक



दिनांक 12.06.2024 को अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री राजीव कुमार गंगेले की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन लिपिक एवं पुस्तकपालों की बैठक का आयोजन किया गया.

## कोचिंग डिपो अधिकारी कार्यालय, सिकंदराबाद में माखनलाल चतुर्वेदी जयंती का आयोजन




दिनांक 30.04.2024 को सीडीओ/सिकं.में हिंदी कवि माखनलाल चतुर्वेदी जयंती का आयोजन किया गया.

## रामगुंडम स्टेशन में हिंदी कार्यशाला का आयोजन तथा निरीक्षण



दि. 27.06.2024 को रामगुंडम स्टेशन तथा आसपास के यूनिटों के कर्मचारियों के लिए हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया.

### राजभाषा नियम

**संविधान की अष्टम अनुसूची के अनुसार भारत की 22 भाषाएं हैं.**

| हिंदी | | | आइए हिंदी सीखें | |
|---|---|---|---|---|
| असमिया | उड़िया | उर्दू | Absorption | आमेलन |
| कन्नड़ | कश्मीरी | गुजराती | Act | अधिनियम |
| तमिल | तेलुगु | पंजाबी | Amendment | संशोधन |
| बंगला | मराठी | मलयालम | Appointment | नियुक्ति |
| संस्कृत | सिंधी | मणिपुरी | Approval | अनुमोदन |
| नेपाली | कोंकणी | मैथिली | | |

हिन्दी भाषा और हिन्दी साहित्य को सर्वांगसुंदर बनाना हमारा कर्तव्य है. - डॉ.राजेन्द्र प्रसाद



**"यह समाचार पत्रिका सिकंदराबाद मंडल की गतिविधियों को राजभाषा में साझा करने हेतु प्रकाशित की जा रही है".**